NSW Department of Education

NSW GOVERNMENT

# बाल दुर्व्यवहार की घटनाओं, खुलासों और संदेहों पर प्रतिक्रिया करना

प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा और देखभाल तथा स्कूल के समय के घंटों के बाहर  की देखभाल (ईसीईसी) (ECEC) सेवा में एक कर्मचारी के रूप में, यदि आप चिंतित हैं या आपको संदेह है कि किसी बच्चे को दुर्व्यवहार, नुकसान, उपेक्षा या उसके साथ बुरे बर्ताव किये जाने का ख़तरा है, तो यह ज़रूरी है की आप किसी से बात करें। यदि आपको लगता है कि कोई बच्चा जोख़िम में हो सकता है, तो आपको रिपोर्ट करनी होगी, भले ही आपने दुर्व्यवहार होते हुए न देखा हो।

इस संसाधन का उपयोग आपकी सेवा की नीतियों और प्रक्रियाओं के साथ एक मार्गदर्शक के रूप में किया जाना चाहिए।

## 1 किसी आपात स्थिति पर प्रतिक्रिया करना

**यदि तत्काल नुकसान का कोई जोख़िम नहीं है, तो कार्रवाई 2 पर जाएँ।**

यदि आप चिंतित हैं कि किसी बच्चे के तत्काल स्वास्थ्य या सुरक्षा से समझौता किया गया है, तो **तत्काल चिकित्सा या पुलिस सहायता के लिए 000 पर संपर्क करें।**

सुनिश्चित करें कि बच्चा सुरक्षित महसूस करे और आपातकालीन सेवाओं की सलाह का पालन करें।

## 2 संबंधित अधिकारियों को रिपोर्ट करना

जैसे ही तत्काल स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी चिंताओं का समाधान किया जाता है, आपको सभी घटनाओं, आरोपों और शिकायतों की रिपोर्ट करनी होगी। किसी हमले या बाल यौन शोषण की रिपोर्ट न करना अपराध अधिनियम 1900 के तहत एक दण्डनीय अपराध माना जा सकता है। परिस्थितियों के आधार पर, कई अधिकारियों को रिपोर्ट करने की आवश्यकता हो सकती है। कथित दुर्व्यवहार कहाँ हुआ, इसके आधार पर रिपोर्टिंग की आवश्यकताएँ भिन्न हो सकती हैं:

### ECEC सेवा में

**प्रबंधकों को रिपोर्ट करें**
आपको अपने स्वीकृत प्रदाता को रिपोर्ट करना होगा।

**NSW पुलिस**
आपको बाल शोषण के सभी मामलों (कथित या गवाह) की रिपोर्ट करनी होगी, जिसमें हमला या यौन शोषण (जिसमें बच्चे को उनका शोषण करने के लिए बहलाना फुसलाना आदि (ग्रूमिंग) शामिल है)।

**NSW समुदाय और न्याय विभाग (बाल संरक्षण हेल्पलाइन)**
अनिवार्य रिपोर्टर* के रूप में, आपको रिपोर्ट करना होगा कि क्या किसी बच्चे को महत्वपूर्ण नुकसान के ख़तरे होने का अनुमान है – reporter.childstory.nsw.gov.au/

**NSW शिक्षा विभाग**
सेवाओं को NQA ITS** के माध्यम से विभाग को घटनाओं, आरोपों या शिकायतों की रिपोर्ट acecqa.gov.au/national-quality-agenda-it-system पर करनी होगी

सेवाएँ राष्ट्रीय निर्णय वृक्ष (नेशनल डिसीज़न ट्री) acecqa.gov.au/notify का उपयोग यह निर्धारित करने में कर सकती हैं कि क्या अधिसूचना की आवश्यकता है और वह समय सीमा क्या है जिसमें वह अधिसूचना की जानी चाहिए।

**NSW बाल संरक्षक कार्यालय (रिपोर्ट किए जाने योग्य व्यवहार योजना)**
स्टाफ़ के किसी कर्मचारी, स्वयंसेवक या ठेकेदार से संबंधित कोई भी रिपोर्ट योग्य आरोप या दोषसिद्धि 7 व्यावसायिक दिनों के भीतर रिपोर्ट की जानी होगी।

### घर पर या समुदाय में

**NSW पुलिस**
एनएसडब्ल्यू में सभी वयस्कों को पुलिस को सूचना देना आवश्यक है, यदि उन्हें पता है, विश्वास है या उचित रूप से यह पता है कि किसी बच्चे के साथ शारीरिक या यौन दुर्व्यवहार (ग्रूमिंग समेत) किया गया है।

**NSW समुदाय और न्याय विभाग (बाल संरक्षण हेल्पलाइन)**
अनिवार्य रिपोर्टर* के रूप में, आपको रिपोर्ट करना होगा यदि आपके किसी जानकार बच्चे को बहुत अधिक नुकसान होने का ख़तरा है।

**प्रबंधकों को रिपोर्ट करें**
यदि बच्चा उस ECEC सेवा में जाता है, जहाँ आप काम करते हैं, तो आपको अनुमोदित प्रदाता को सूचित करना चाहिए ताकि आपकी सेवा आवश्यकतानुसार किसी भी अनुवर्ती कार्रवाईयों या प्रासंगिक सहायता पर विचार कर सके।

*प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा और देखभाल तथा स्कूल के समय के घंटों के बाहर की देखभाल सेवाओं में काम करने वाले शिक्षक NSW बाल संरक्षण कानून के तहत 'अनिवार्य रिपोर्टर' हैं। अनिवार्य रिपोर्टरों को तब रिपोर्ट करना होगा जब उन्हें किसी बच्चे की सुरक्षा, कल्याण या भलाई के बारे में चिंता हो। अनिवार्य रिपोर्टर गाइड का उपयोग हर उस अवसर पर किया जाना चाहिए जहाँ बच्चे के लिए चिंताएँ हों, क्योंकि हर परिस्थिति अलग होती है।

**मोबाइल और सामयिक देखभाल सेवाओं को विभाग के अधिसूचना फ़ॉर्म का उपयोग करना चाहिए।

## 3 माता-पिता/देखभालकर्ताओं से संपर्क करना

हमेशा संबंधित अधिकारियों से सलाह लें कि कौन सी जानकारी साझा की जा सकती है और कब, क्योंकि इससे किसी भी चल रही जाँच पर असर पड़ सकता है।

आपको यह सलाह दी जा सकती है:

- माता-पिता या देखभालकर्ता से संपर्क न करें (उदाहरण के लिए, ऐसी स्थिति में जहाँ उन पर दुर्व्यवहार में लिप्त होने का आरोप लगाया गया हो); या
- माता-पिता या देखभालकर्ता से संपर्क करें और जितनी जल्दी हो सके सहमत जानकारी प्रदान करें।

## 4 निरंतर सहायता प्रदान करना

अक्सर किसी घटना के बाद बच्चों, परिवारों और कर्मचारियों के लिए सहायता की आवश्यकता होगी।

सहायता में परामर्श, सामुदायिक सेवाओं तक पहुँच या अधिक जानकारी शामिल हो सकती है।

कुछ उपलब्ध परामर्श और सहायता संगठनों की जानकारी के लिए क्यूआर कोड को स्कैन करें।

## 5 संक्षिप्त विवरण सत्र (डीब्रीफ़) और आलोचनात्मक चिंतन

हर महत्वपूर्ण घटना के बाद, आपको यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कर्मचारियों को वह सहायता प्रदान की जाए जिसकी उन्हें आवश्यकता है।

घटना की गुप्तता और गोपनीयता का सम्मान करते हुए घटना पर आलोचनात्मक चिंतन करने का सुझाव दिया जाता है ताकि नीतियों, प्रक्रियाओं, प्रथाओं और जोख़िम आकलन में आवश्यक बदलावों को सूचित किया जाए।

## संपर्क करें

**NSW पुलिस से**

- आपातकालीन स्थिति में ट्रिपल जीरो (000) से संपर्क करें
- यदि आपातकालीन स्थिति न हो, तो अपने स्थानीय पुलिस स्टेशन पर कॉल करके या वहाँ जाकर रिपोर्ट दर्ज करें
- सामान्य पूछताछ के लिए, 131 444 पर पुलिस सहायता लाइन पर कॉल करें
- यदि आप सुनिश्चित नहीं हैं कि यह आपराधिक मामला है या नहीं, तो अपने पर्यवेक्षक से बात करें। यदि संदेह है, तो मामले की रिपोर्ट अपने स्थानीय पुलिस को दें।

**NSW समुदाय और न्याय विभाग (बाल संरक्षण)**

- reporter.childstory.nsw.gov.au/s/mrg पर NSW अनिवार्य रिपोर्टर गाइड का उपयोग करें
- 132 111 पर बाल संरक्षण हेल्पलाइन को कॉल करें

**NSW शिक्षा विभाग**

- acecqa.gov.au/national-quality-agenda-it-system पर रिपोर्ट करें
- यदि अनिश्चित हैं तो 1800 619 113 पर कॉल करें या ececd@det.nsw.edu.au पर ईमेल करें

**NSW बाल संरक्षक कार्यालय (रिपोर्ट किए जाने वाले व्यवहार योजना)**

- (02) 8219 3800 पर कॉल करें या reportableconduct@kidsguardian.nsw.gov.au पर ईमेल करें

अस्वीकरण: यह संसाधन विक्टोरियाई शिक्षा और प्रशिक्षण विभाग द्वारा विकसित चार महत्वपूर्ण कार्य संसाधन से अनुकूलित किया गया है।